



## नेशनल हाईवे 39 में अज्ञात कार की टक्कर से कृषक गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 26 अप्रैल, नेशनल हाईवे 39 रीवा-सीधी रोड पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला गुढ़वा बाईपास स्थित त्रिवेदी ढाबा के समीप का है,जहाँ एक अज्ञात वैगनआर कार की टक्कर से एक स्थानीय किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुढ़वा निवासी कृषक बृजेश त्रिपाठी अपने कृषि कार्य के सिलसिले में मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहे थे. इसी दौरान सीधी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वैगनआर कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि किसान सड़क पर दूर जा गिरे. दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक वाहन लेकर रीवा की ओर तेजी से फरार हो गया. मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी सुनील पांडे, नितिन मिश्रा, ढाबा संचालक कमलनयन मिश्रा और प्रदीप त्रिपाठी ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल सक्रियता दिखाई. उन्होंने बिना समय गंवाए गुढ़ पुलिस को घटना की सूचना दी और एनएचएआई द्वारा उपलब्ध 1033 एंबुलेंस बुलाकर घायल बृजेश त्रिपाठी को उपचार के लिए रीवा के प्रार्थना अस्पताल पहुँचाया. घायल किसान बृजेश त्रिपाठी का इलाज रीवा के प्रार्थना अस्पताल में जारी है,जहाँ उनकी स्थिति पर चिकित्सक नजर बनाए हुए है. गुढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है. हाईवे पर लगातार बढ़ रही इन दुर्घटनाओं ने स्थानीय निवासियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है.

# प्रयागराज यात्रा के नाम पर बसों में यात्रियों का शोषण रोका जाय

### बसों में किराया सूची लगाया जाय, यात्री हो रहे परेशान

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 26 अप्रैल, रीवा के नवागत कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने रीवा में अपनी पदस्थापना के साथ ही रीवा जिले की सुदूर डभौरा अंचल के क्षेत्र ग्राम जतरी बस से पहुंचे और वहां की समस्याओं को करीब से देखा. क्योंकि कलेक्टर की पहली यात्रा बस से ही शुरू हुई है इसलिए बस में उत्पन्न समस्याओं की ओर जिला कलेक्टर का ध्यान जाना स्वाभाविक था जो अभी तक इस ओर नहीं गया.**



बस से यात्रा संपन्न होने के बाद लोगों के द्वारा समझ में आई कि जिला कलेक्टर बस में यात्रा करने वाले पहले आला अधिकारी हैं. इस बस में जिला कलेक्टर में यात्रा की वह बस की संस्था की है कहां नहीं जा सकता किंतु रीवा जिले के प्राइवेट बसों में यात्रियों का हो रहा शोषण एवं अपमानित यात्रा एक आम बात हो गई है. रीवा से प्रयागराज जाने का बोर्ड लगाकर बसों में सवारी बैठाई जाती है और चाकघाट यूपी बॉर्डर के पास यात्रियों को उतार दिया जाता है. यहां से प्रयागराज के लिए यात्री परेशान होते है. प्राइवेट बसों में मनमाना किराया वसूला जाता है. इन बसों में किराया सूची नहीं लगी रहती. प्रयागराज जाने वाले बस यात्रियों का रीवा से प्रयागराज तक का टिकट भी काट दिया जाता है और चाकघाट में उन्हें छोड़ दिया जाता है. चाकघाट से प्रयागराज जाने वाले दूसरे प्राइवेट वाहनों में यात्रियों का ट्रांसफर कर दिया जाता है. रीवा से यात्री को इलाहाबाद के लिए बस से बैठाया जाता है उनसे इलाहाबाद तक का किराया लिया जाता है. प्राय: इन प्राइवेट बसों का परमिट चाकघाट तक ही रहता है. उसके बावजूद भी प्रयागराज के लिए टिकट बुक कर लिया जाता है. रीवा में पधारे नये जिला कलेक्टर का ध्यान इस ओर अपेक्षित है कि प्रयागराज यात्रा के नाम पर यात्रियों का शोषण रोका जाय, बसों में किराया सूची लगाया जाय. जिला मुख्यालय रीवा से चाकघाट एवं इलाहाबाद के बीच चलने वाली प्राइवेट बसों में यात्रियों से किराये के नाम पर मनमाने तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं.

प्राइवेट बस में यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक किराया लिया जाता है.मिली जानकारी के अनुसार रीवा से प्रयागराज की ओर जाने वाले अधिकांश बसों में प्रयागराज का बोर्ड लगा रहता है. यात्रियों से प्रयागराज जाने की बात बाता कर प्रयागराज तक का टिकट बना दिया जाता है. टिकट भी ऐसा होता है जिसमें न तो बस का नंबर होता न लिए गए किराये का उल्लेख. आए दिन रीवा से चलकर प्रयागराज जाने वाली यात्रियों को चाकघाट बाडर में उतार दिया जाता है. ऐसी स्थिति में महिलाओं बच्चों और परिवार के साथ लोगों को बॉर्डर में आगे की यात्रा हेतु भटकना पड़ता है।बसों में किराया सूची भी नहीं लगाई जाती और मनमाने ढंग से गिराया लिया जाता है. अधिकारी से अपेक्षा है कि रीवा से चाकघाट एवं प्रयागराज तक चलने वाली बसों पर शिकंजा कसा जाय.

## सड़क-नालियों पर न लगाए ठेला और दुकाने

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 26 अप्रैल, नगर परिषद गुढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहित शुक्ला द्वारा नगर वासियों, समस्त व्यापारी बंधुओं तथा छोटे-बड़े सब्जी विक्रेताओं से अपील की गई है कि वे सड़कों एवं नालियों के ऊपर किसी भी प्रकार का सामान, ठेला या दुकान न लगाएं.**

साथ ही सब्जी विक्रेता केवल निर्धारित सब्जी मंडी में ही अपनी दुकान संचालित करें. बताया गया है कि सड़कों एवं नालियों पर अतिक्रमण करने से आवागमन बाधित होता है, जिससे आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है.

## गौ सम्मान अभियान के लिए आज ज्ञापन सौपा जाएगा

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 26 अप्रैल, गौवंश की रक्षा के लिए समूचे देश में एक साथ आवाज उठाने के लिए 27 अप्रैल को गौ सम्मान आह्वान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ज्ञापन सौपा जाएगा.**

प्रत्येक ब्लॉक, तहसील एवं जिला कार्यालय में जाकर आम जनों के हस्क्षर युक्त ज्ञापन सौंपे जाने की योजना निश्चित की गई है. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर निश्चित किया गया है जिसके त्योंथर तहसील में 27 अप्रैल को गौभक्त जन समूह के साथ ज्ञापन सोपा जाएगा. कार्यक्रम के स्थानीय संयोजक डॉ. रोहित तिवारी एवं उनके सहयोगीजनो ने क्षेत्रीय नागरिकों से आग्रह किया है कि इस गौसम्मान अभियान के तहत कार्यक्रम की सफलता के लिए और गौ माता के संरक्षण हेतु ज्ञापन देने हेतु त्योंथर पहुंचे. मुख्य रूप से इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में गौ हत्या पर पूर्णत प्रतिबंध लगे, गौ माता को राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्रीय आधार पर सम्मानित पद प्रदान किया जाए. अभियान के लिए समूचे क्षेत्र से वह भक्त तहसील मुख्यालय में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपेंगे.

# रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हो रही अवैध बोरिंग

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 26 अप्रैल, गर्मी बढ़ने के साथ ही जल संकट गहराता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद अवैध बोरिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है.**



कलेक्टर के स्पष्ट आदेशों के बाद भी क्षेत्र में रात के अंधेरे में लगातार बोरिंग का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि बोरिंग माफिया देर रात मशीनें लगाकर बिना किसी डर के काम कर रहे हैं. हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिरकार इन अवैध बोरिंग करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? क्या प्रशासन इन पर लगाम लगाने में असमर्थ है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में जलस्तर और नीचे गिर सकता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा. अब देखना यह होगा कि प्रशासन क्या कार्यवाही करता है.




सिविल अस्पताल मऊगंज में मलेरिया दिवस मनाते चिकित्सक

## विधायक ने किया नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 26 अप्रैल, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैलाशपुर में विधायक प्रदीप पटेल द्वारा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण किया गया.**

उल्लेखनीय है कि सुविधाओं से कोसों दूर अदवांचल पिपराली घाटी से पहले ग्राम पंचायत कैलाशपुर जो की अनेक गांव का केंद्र है में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लोकार्पित होने से एक एक बहुत बड़े क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुलभ हो सकेगी निश्चित ही प्रदेश सरकार की विकास की दिशा में स्वास्थ्य क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम है. कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम विधिवत कलश स्थापना एवं वैदिक मंत्र 4 के साथ वेदिक पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रदीप पटेल ने आम जनमानस के चिकित्सा हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण कर जनता जनार्दन को सोपा. इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ ही मऊगंज विधानसभा के सर्वांगीण विकास उसमें भी हनुमना को विकास के चरम सोपान पर पहुंचने के अपने संकल्प को दोहराया इस अवसर पर भाजपा नेता जिला मंत्री चंद्र कांत मिश्रा , बांकेलाल सिंह, केडी शुक्ला पन्नालाल शुक्ला सुमित गुप्ता पवन पाल सिंघम देवराज जायसवाल लक्ष्मी नारायण गुप्ता उपस्थित रहे.

# मऊगंज जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

### अस्पताल के डॉक्टर, नर्स एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति रही

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 26 अप्रैल, सिविल अस्पताल मऊगंज में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी प्रदुमन शुक्ला सहित अस्पताल के डॉक्टर, नर्स एवं पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति रही. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और उसके उन्मूलन के प्रति जागरूक करना रहा.

इस अवसर पर बीएमओ प्रदुमन शुक्ला ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते सावधानी बरतकर इससे पूरी तरह बचा जा सकता है.

उन्होंने बताया कि 'अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' के संदेश के साथ मलेरिया उन्मूलन के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मलेरिया के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी. लोगों को बताया गया कि साफ-सफाई बनाए रखना, आसपास पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग करना तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना बेहद जरूरी है.

पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा लोगों को यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को बुखार, ठंड लगना, पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके.

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित लोगों ने मलेरिया उन्मूलन के लिए संकल्प लिया और जागरूकता फैलाने का संदेश दिया.

# नियमों को ताक पर रख कर सुबह 6 बजे से ही खुल रही शराब दुकान

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 26 अप्रैल, रीवा जिले के गुढ़ समूह के अंतर्गत आने वाली शासकीय कंपोजिट शराब की दुकान गुढ़, पुरवा, दुआरी एवं मनिकवार में आबकारी नियमों और प्रशासन के निर्देशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.**




जिले में शराब बिक्री के लिए निर्धारित समय सीमा को दरकिनार करते हुए यह दुकान सुबह 6:00 बजे से ही संचालित की जा रही है, जबकि नियमत: इसे निर्धारित समय के पूर्व खोलना पूरी तरह प्रतिबंधित है. स्थानीय ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ठेकेदार के हौसले इतने बुलंद हैं कि उसे प्रशासन की कार्रवाई का रत्ती भर भी डर नहीं है. सुबह तड़के दुकान खुल जाने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा है और यह क्रम देर रात तक चलता है. जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शराब कारोबारी द्वारा बेखौफ होकर किए जा रहे इस अवैध संचालन ने स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. क्षेत्र में यह चर्चा आम है कि स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ साठगांठ के चलते ही नियमों का यह खुला उल्लंघन हो रहा है. गुढ़ पुरवा दुआरी व मनिकवार के लोगो ने कलेक्टर और आबकारी आयुक्त से मांग की है कि इस मामले की तत्काल जांच कराई जाए.

## करोड़ों की लागत से बने पानी की टंकी, फिर भी जनता प्यासी

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 26 अप्रैल, रीवा जिले के नगर परिषद गुढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 गुढ़वा में करोड़ों की लागत से तैयार नल जल योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है. 2 करोड़ 65 लाख की भारी-भरकम लागत से पानी की टंकी का निर्माण तो पूरा कर लिया गया है.**

लेकिन पाइपलाइन और वितरण प्रणाली ठप होने के कारण स्थानीय निवासियों तक पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंच पा रही है. भीषण गर्मी के इस मौसम में नगर वासी पानी की बूंद-बूंद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं. मीडिया में इस गंभीर समस्या के प्रमुखता से आने के बाद विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है. कार्यपालन यंत्री, संभागीय संयुक्त संचालक ने ठेकेदार को पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है. बता दे कि कि इस महत्वपूर्ण योजना का ठेका दीपराज सिंह को प्राप्त हुआ था,लेकिन धरातल पर इसका पूरा संचालन उनके पुत्र अंशु सिंह द्वारा किया जा रहा है. अंशु सिंह की सक्रिय राजनीतिक पृष्ठभूमि वर्तमान में नईगढ़ी में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष और मनगवां विधायक के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत होना इस मामले में चर्चा का विषय बनी हुई है.

भीषण गर्मी में पेयजल संकट से वार्ड 14 के नागरिक जूझ रहे है. अब क्षेत्र में यह सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या विभागीय नोटिस के बाद ठेकेदार अधूरे कार्य को प्राथमिकता से पूरा करेंगे, या फिर अपने राजनीतिक रसूख और प्रभाव के चलते इस भ्रष्टाचार और लापरवाही पर पर्दा डालने का प्रयास किया जाएगा.

### पानी टंकी का हुआ भूमि पूजन

हनुमना, 26 अप्रैल, हनुमना नगर के वार्ड क्रमांक 15 कचनार नैयाडैम के पास 4,50 लाख क्षमता लीटर पानी की टंकी का भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में विधायक प्रदीप पटेल एवं नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम मऊगंज क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और मऊगंज एवं हनुमना में ढ्ढ्रढ्ढ कॉलेज संचालित हैं, साथ ही हनुमना में शासकीय महाविद्यालय भी प्रारंभ हो चुका है. जिसकी भवन निर्माण प्रक्रिया जारी है इसके साथ ही हनुमना के नाउन ग्राम में नवोदय विद्यालय का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है और हमारा प्रयास है कि इसी शैक्षणिक सत्र से कक्षाएं प्रारंभ हो जाएं और पानी की टंकी का निर्माण 6 माह के अंतराल में कार्य पूरा होगा. जिससे जनता को पानी पर्याप्त मात्रा में मिल सके इसके साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता ने विधायक प्रदीप पटेल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से हमारे हनुमना नगर में ट्रांसपोर्ट नगर मिनी बस स्टैंड नवोदय विद्यालय एवं आईटीआई के साथ सिविल अस्पताल माननीय जी के प्रयासों से सौगात मिला मैं उनका धन्यवाद करता हूं.

## महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ रही भाजपा : सिसोदिया

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 26 अप्रैल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया ने पत्रकारवार्ता में नारी शक्ति वंदन को लेकर जानकारी दी.**



उन्होने विपक्षी दलों के असहयोग एवं उनके रवैये के बारे मे जानकारी दी साथ ही इसे लेकर विपक्ष की कड़ी निंदा की. लता एलकर ने कहा कि हाल ही में लोकसभा में जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है. महिला विरोधी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है. एंटी वूमन एलाएंस की सच्चाई देश के सामने आ चुकी है.

कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों के इस महिला-विरोधी गठबंधन ने न केवल एक विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है. इस पर विपक्ष जश्न मनाता रहा. विपक्ष का जश्न, हर महिला का अपमान है. कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडि गठबंधन ने एक ऐतिहासिक अवसर को बाधित किया.

## अटल भवन का लोकार्पण एवं अन्य कार्यों का किया गया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**मनगवां, 26 अप्रैल, भाजपा सरकार के अंत्योदय से राष्ट्रोदय की परिकल्पना को साकार करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सम्यक विकास के उद्देश्य को पूरा करने के संकल्प के साथ आज जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम पंचायत मौहरिया में लगभग 38.00 लाख रुपए की लागत से अटल सुशासन भवन का लोकार्पण किया गया.**



तकरीबन 25.00 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन,अरौहा नाले में लगभग 18.00 लाख रुपए की लागत से बने उन्नत पुल के लोकार्पण एवं लगभग 24.00 लाख रुपए की लागत से बनने वाली माध्यमिक विद्यालय का भी भूमिपूजन किया गया. इसके साथ ही हरदी में तकरीबन 11.00 लाख रुपए की लागत से बनने जा रही पीसीसी सड़क निर्माण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे व्यक्तिगत नाली निर्माण एवं छोटी सड़कों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर क्षेत्रीय जनों को विकास कार्यों की विभिन्न सौगातें प्रदान की. ग्राम पंचायत मौहरिया में भव्य पंचायत भवन में बने देवी मंदिर में देवी आराधना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ जो जनकल्याण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा. कार्यक्रम में मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, जनपद सदस्य रमेश प्रताप सिंह, जनपद सदस्य अशोक सिंह, कन्हैयालाल तिवारी, सरपंच मौहरिया कृष्णचंद्र तिवारी, सरपंच पिपरहा महेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, सरपंच सहेबा जगत नारायण मिश्रा, खरहरी सरपंच अजय कुशवाहा, इन्द्रमणि कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि वैभव सिंह मौजूद रहे.